Roll Number ................... Total No. of Printed Pages : 32

# B.A. (Semester-III) Examination, 2024-25

(For Regular & NC) As per NEP 2020

## HINDI LITERATURE

## Paper Code : HIN-63T-1001 OMR Code : 42

## रीतिकालीन काव्य

Time : 3.00 Hours

Section – A For Reg./NC: 60/70 Marks

Section – B For Reg./NC: 60/80 Marks

Total Maximum Marks For Reg./NC : 120/150

---

**Instructions for Students ( छात्रों के लिए निर्देश )**

**Students are required to read the instructions carefully before starting solving the question paper.**

**छात्रों को प्रश्न पत्र हल करना शुरू करने से पहले सभी निर्देशों को ध्यान से पढ़ना आवश्यक है।**

## Section – A ( खण्ड - अ )

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | Do not open the question booklet until you are asked to do so. | 1. | इस प्रश्न पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक कहा न जाए। |
| 2. | There are 50 Multiple Choice Questions (MCQ) in the question booklet. All 50 questions are mandatory to solve. | 2. | प्रश्न पुस्तिका में 50 प्रश्न (MCQ) हैं। सभी 50 प्रश्न हल करना अनिवार्य है। |
| 3. | Each question carries 1.20 mark for Regular students and 1.40 marks for NC students. | 3. | प्रत्येक प्रश्न नियमित विद्यार्थियों के लिए 1.20 अंक का तथा स्वयंपाठी विद्यार्थियों के लिए 1.40 अंक का है। |
| 4 | There are four options for each questions. Fill the correct option in the OMR sheet. | 4. | प्रत्येक प्रश्न के लिए चार विकल्प हैं। सही विकल्प ओ एम आर शीट में भरें। |
| 5. | Student have to darken only one circle (bubble) indicating the correct answer on the OMR Sheet. The circles on the OMR are to be darkened properly with black/ blue ball pen only. | 5. | छात्र को सही उत्तर निर्दिष्ट करते हुए एक गोले (बबल) को ओ.एम.आर. शीट में गहरा करना है। ओ.एम.आर. पर बने गोले को केवल काले/नीले बॉल पैन से ही काला करना होगा। |
| 6. | Fill in all the information (i.e. Roll No. etc.) or both OMR sheet and question booklet before starting the question paper. | 6. | प्रश्न पत्र शुरू करने से पहले ओ.एम.आर. शीट और प्रश्न पुस्तिका दोनों पर सभी जानकारी (यानि रोल नंबर आदि) भरें। |
| 7. | Submit OMR to the invigilator after completion of examination. | 7. | परीक्षा अवधि पूरी होने पर ओ.एम.आर. पर्यवेक्षक के पास जमा करवायें। |
| 8. | Student can leave examination hall only after completion of examination. | 8. | छात्र परीक्षा अवधि पूर्ण होने के पश्चात् ही परीक्षा कक्ष छोड़ सकता है। |

1. 'रीतिकाल' नाम सर्वप्रथम किसने दिया?
(a) जार्ज ग्रियर्सन
(b) डॉ० रामकुमार वर्मा
(c) जॉन पॉल
(d) मैक्स वेबर

2. रीतिकाल की प्रमुख काव्य भाषा कौन-सी है?
(a) संस्कृत
(b) ब्रज
(c) खड़ी बोली
(d) अवधी

3. आचार्य विश्वनाथ ने रीतिकाल को क्या नाम दिया?
(a) कला काल
(b) श्रृंगार काल
(c) रीति काल
(d) अलंकृत काल

4. बिहारी के आश्रयदाता राजा कौन थे?
(a) राजा जयसिंह
(b) राजा उदयसिंह
(c) राजा माधोसिंह
(d) राजा अजयसिंह

5. रामचन्द्रिका के रचनाकार कौन हैं?
(a) केशवदास
(b) भूषण
(c) तुलसीदास
(d) घनानन्द

6. प्रमुख रीति सिद्ध कवि हैं-
(a) बिहारी
(b) भूषण
(c) देव
(d) सेनापति

7. रीतिकाल को 'कलाकाल' नाम किसने दिया?
(a) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल
(b) डॉ० रमाशंकर शुक्ल 'रसाल'
(c) डॉ० गुलाब राय
(d) डॉ० रामकुमार वर्मा

8. रीतिकाल का प्रवर्तक आचार्य कौन है?
(a) चिन्तामणि त्रिपाठी एवं केशव
(b) केशव एवं देव
(c) भूषण एवं पद्‌माकर
(d) आलम एवं सेनापति

9. रीतिकालीन काव्य में किस रस की प्रधानता है?
(a) श्रृंगार
(b) वीर
(c) शान्त
(d) वीभत्स

10. किस रस को 'रसराज' कहा जाता है?
(a) श्रृंगार
(b) वीर
(c) करूण
(d) हास्य

11. बिहारी सतसई में कुल कितने दोहे हैं?
   (a) 919
   (b) 719
   (c) 819
   (d) 619

12. 'छत्रसाल दशक' ग्रन्थ के लेखक कौन हैं?
   (a) भूषण
   (b) देव
   (c) सेनापति
   (d) बिहारी

13. आचार्य शुक्ल ने रीतिकाल की अवधि मानी है–
   (a) संवत 1700 से 1900 तक
   (b) संवत 1750 से 1850 तक
   (c) संवत 1725 से 1900 तक
   (d) संवत 1700 से 1950 तक

14. 'शिवराज भूषण' के रचनाकार हैं–
   (a) देव
   (b) भूषण
   (c) केशवदास
   (d) बिहारी

15. रीतिकाल में सामाजिक स्थिति कैसी थी?
   (a) विकासोन्मुख
   (b) पतनोन्मुख
   (c) समृद्धशाली
   (d) प्रशंसनीय

16. अक्षय कुमार को किसने मारा था?
   (a) अंगद ने
   (b) हनुमान ने
   (c) जामवन्त ने
   (d) लक्ष्मण ने

17. अंगद ने राज राजेश्वर किसे कहा है?
   (a) जामवन्त को
   (b) रावण को
   (c) श्री राम को
   (d) हनुमान को

18. 'अन्त लोक अकेलोई जैहे' यह बात किसने किसने कही?
   (a) रावण ने अंगद से
   (b) अंगद ने रावण से
   (c) राम ने रावण से
   (d) विभीषण ने रावण से

19. ''मेरी भवबाधा हरौ, राधा नागरि सोइ'' पंक्ति में किसकी स्तुति की गई है–
   (a) ईश्वर
   (b) कृष्ण की
   (c) राधा
   (d) देव

20. ''अली, कली ही सौं बंध्यौ, आगे कौन हवाल'' में कवि ने यह पंक्ति किसके लिए लिखी थी?
   (a) सवाई जयसिंह के लिए
   (b) सवाई माधोसिंह
   (c) सवाई मानसिंह
   (d) सवाई पृथ्वी सिंह

**21.** मंगलु बिंदु सुरंगु, में नायिका के कपाल पर लाल बिन्दु को कवि ने किसके समान बताया है?

(a) मंगल के

(b) चन्द्रमा के

(c) बृहस्पति के

(d) सूर्य के

**22.** नायिका राधा ने स्वप्न में क्या देखा?

(a) चारों ओर रिमझिम-रिमझिम वर्षा हो रही है।

(b) आकाश में चारों ओर घटा घिर आयी है।

(c) श्री कृष्ण उससे झूले पर झूलने का आग्रह कर रहे हैं।

(d) उपरोक्त सभी

**23.** कवि देव ने बसन्त का पालना किसे बताया है?

(a) वृक्षों की कोमल शाखाओं को

(b) वृक्षों के कोमल नये पत्तों को

(c) वृक्षों के रंग-बिरंगे फूलों को

(d) मन्द-मन्द बहती वायु को

**24.** फाग खेलते हुए कृष्ण ने राधा की ओर क्या फेंका था?

(a) केसर

(b) गुलाल

(c) चन्दन

(d) पुष्प राग

**25.** भूषण के काव्य में किस काव्यरस की प्रधानता है?

(a) श्रृंगार रस

(b) करूण रस

(c) वीर रस

(d) शान्त रस

**26.** घनानन्द ने प्रेम में किसे आवश्यक माना है?

(a) हृदय की सच्चाई को

(b) बुद्धि और तर्क को

(c) छल-कपट को

(d) अपनत्व और अहंकार को

**27.** घनानन्द के मतानुसार प्रेममार्ग पर चलने में कौन झिझकते हैं?

(a) जो सत्य का सहारा लेते हैं।

(b) जो कपट का सहारा लेते हैं।

(c) जो स्वच्छ हृदय के होते हैं।

(d) जो सरल हृदय के होते हैं।

**28.** घनानन्द किसके दरबारी कवि थे?

(a) बादशाह मुहम्मदशाह के

(b) बादशाह अकबर के

(c) बादशाह औरंगजेब के

(d) बादशाह जहाँगीर के

**29.** घनानन्द की प्रेमिका कौन थी?

(a) राधा

(b) सीता

(c) सुजान

(d) सुप्रिया

**30.** कूलन में केलि में कछारन में कुंजन में ......... कवि ने किसका वर्णन किया है?

(a) हेमन्त ऋतु का

(b) शरद् ऋतु का

(c) बसन्त ऋतु का

(d) वर्षा ऋतु का

**31.** ''फाग के भीरे अभीरन ते गहि गोबिन्द लै गई भीतर गोरी।'' पंक्ति में 'गोरी' से क्या तात्पर्य है?

(a) सीता

(b) राधा

(c) गोपी

(d) यशोदा

**32.** 'ऊपर नाई अबीर की झोरी' का अर्थ है–

(a) ऊपर से गुलाल की झोली उड़ेलना

(b) गुलाल से झोली भरना

(c) गुलाल की झोली साफ करना

(d) गुलाल में लाल हो जाना

**33.** ''नैन नचाई कह्यो मुसकाइ लला फिर आइयौ खेलन होरी'' किसने किससे कहा है?

(a) गोपी ने कृष्ण से

(b) कृष्ण ने गोपी से

(c) ग्वालों ने कृष्ण से

(d) गोपी ने ग्वालों से

**34.** बसन्त में रंग-बिरंगे फूल किसके समान प्रतीत हो रहे हैं?

(a) रंग-बिरंगे कालीन के समान

(b) रंग-बिरंगे वस्त्रों के समान

(c) चतुरंगिनी सेना के समान

(d) रंग-बिरंगे महलों के समान

**35.** रीतिकाव्य का प्रधान काव्य रूप है–

(a) मुक्तक काव्य

(b) वीर काव्य

(c) नीति काव्य

(d) छन्दबद्ध काव्य

**36.** रीतिकाल का आरम्भ किसके शासन काल से माना जाता है?

(a) अकबर के

(b) शाहजहाँ के

(c) औरंगजेब के

(d) जहाँगीर के

**37.** 'सुजान सागर' के रचनाकार हैं–

(a) घनानन्द

(b) बिहारी

(c) भूषण

(d) देव

**38.** देव चरित्र के रचनाकार हैं–

(a) देव

(b) सेनापति

(c) पद्माकर

(d) केशव

**39.** काव्य संसार में 'कठिन काव्य का प्रेत' किसे कहा जाता है–

(a) भूषण

(b) केशव

(c) देव

(d) बिहारी

**40.** अपने दोहों में गागर में सागर किस कवि ने भरा है?

(a) केशव

(b) बिहारी

(c) भूषण

(d) सेनापति

**41.** ''तुम कौन धौं पाटी पढ़े हौ लला'' किसके लिए कहा गया है–

(a) कवि के लिए

(b) नायक के लिए

(c) पुत्र के लिए

(d) सुजान के लिए

**42.** भूषण का वास्तविक नाम क्या था?

(a) घनश्याम त्रिपाठी

(b) राधेश्याम त्रिपाठी

(c) राकेश त्रिपाठी

(d) मोहन त्रिपाठी

**43.** वसन्त के आगमन से–

(a) आम्र मंजरियाँ मादक गन्ध से परिपूर्ण हो गयी।

(b) पक्षी दल सुहावना कलरव कर रहा है।

(c) छलिया प्रेमी मोहक रूप धारण कर रहे हैं।

(d) उपरोक्त सभी

**44.** श्लेष अलंकार किस कवि का प्रिय अलंकार है–

(a) देव

(b) सेनापति

(c) आलम

(d) घनानन्द

**45.** 'उतरि पलंग ते न दियो है धरा पै पग'' किस कवि की पंक्ति है?

(a) केशव

(b) भूषण

(c) बिहारी

(d) देव

**46.** कल्पना की समाहार शक्ति के साथ-साथ छोटी से छोटी बात को मार्मिक बना देने में वह कवि पारंगत है, नाम बताइये–

(a) देव

(b) केशव

(c) बिहारी

(d) भूषण

**47.** किस कवि की कृति में अनेक प्रकार के संवादों का विधान किया गया है?

(a) केशव

(b) भूषण

(c) देव

(d) आलम

**48.** ''मुक्तक विधान के लिए जो अनिवार्यताएँ अपेक्षित होती हैं, वे सभी किस कवि में उपलब्ध हैं?''

(a) केशव

(b) घनानन्द

(c) बिहारी

(d) भूषण

**49.** 'अन्तर उदेग दाह, आँखिन प्रवाह आँसू' में किसका वर्णन किया गया है?

(a) विरहिणी की विरहजनित वेदना का वर्णन।

(b) हृदय की पीड़ा का वर्णन।

(c) आकाश से वर्षा होने का वर्णन।

(d) सोने और जागने का वर्णन।

**50.** कूलन में केलि में, कछारन में, कुंजन में,
क्यारिन में, कलिन कलीन किलकंत है।
पंक्तियों में पद्माकर ने प्रकृति चित्रण के लिए किस शैली को अपनाया है?

(a) आलम्बन रूप में प्रकृति चित्रण

(b) उद्धीपन रूप में प्रकृति चित्रण

(c) अलंकार रूप में प्रकृति चित्रण

(d) इनमें से कोई नहीं

SET A

# B.A. (Semester-III) Examination, 2024-25

**(For Regular & NC)**

**HINDI LITERATURE**

## Paper Code : HIN-63T-1001

**रीतिकालीन काव्य**

## Section – B ( खण्ड – ब )

**GENERAL INSTRUCTIONS ( सामान्य निर्देश )**

(i) No supplementary answer-book will be given to any candidate. Hence the candidate should write the answer precisely in the Main answer-book only.
किसी भी परीक्षार्थी को पूरक उत्तर–पुस्तिका नहीं दी जायेगी। अत: परीक्षार्थियों को चाहिये कि वे मुख्य उत्तर–पुस्तिका में ही समस्त प्रश्नों का उत्तर लिखें।

(ii) In Section - B there are 4 questions with internal choice the candidates are required to attempt all questions, each question carries 15 marks for regular students and 20 marks for non-collegiate students.
खण्ड–ब में कुल 4 प्रश्न (आंतरिक विकल्प सहित) हैं परीक्षार्थी को सभी प्रश्न करने हैं। प्रत्येक प्रश्न नियमित परीक्षार्थी के लिए 15 अंक का है एवं स्वयंपाठी परीक्षार्थी के लिए 20 अंक का है।

(iii) Make sure that your question booklet has all the 50 questions in Section - A and 4 questions in Section-B. Defection Booklet can be changed within 10 minutes.
प्रश्न–पुस्तिका में सभी खण्ड–अ में 50 प्रश्न एवं खण्ड–ब में 4 प्रश्न छपे हैं, इसकी जाँच कीजिए। त्रुटिपूर्ण पुस्तिका को 10 मिनट में बदलवाया जा सकता है।

(iv) If there is any difference in English and Hindi version, the English version will be considered authentic.
यदि प्रश्न के हिन्दी एवं अंग्रेजी रूपान्तरण में कोई अन्तर हो तो अंग्रेजी रूपान्तरण को ही सही माना जाये।

## Section – B ( खण्ड – ब )

**1.** (a) 'रीतिकाल' को 'शृंगार काल' किस विद्वान् ने कहा? 2/2

(b) रीतिकाल के नामकरण के संबंध में विभिन्न विद्वानों के मतों का उल्लेख कीजिए। 3/3

(c) रीतिकाल की प्रमुख प्रवृतियों का निरूपण कीजिए। 10/15

**अथवा**

(a) प्रमुख रीतिमुक्त कवियों का नामोल्लेख कीजिए। 2/2

(b) रीतिबद्ध काव्यधारा की प्रमुख विशेषताएँ क्या हैं? 3/3

(c) रीतिकालीन परिस्थितियों का सोदाहरण मूल्यांकन कीजिए। 10/15

**2.** (a) ''अली, कली ही सौं बंध्यौ, आगे कौन हवाल'' कवि ने यह पंक्ति किसके लिए लिखी थी? 2/2

(b) केशव के कृतित्व का परिचय दीजिए। 3/3

(c) सप्रसंग व्याख्या कीजिए- 10/15

कहत, नटत, रीझत, खिझत, मिलत, खिलत, लजियात ।
भरे भौन में करत हैं, नैननु हीं सब बात ।।
तंत्री-नाद, कवित्त-रस, सरस राग, रति-रंग ।
अनबूड़े बूड़े, तरै जै बूड़े सब अंग ।।

**अथवा**

(a) बिहारी का जन्म कहाँ हुआ? 2

(b) केशव के संवादों की प्रमुख विशेषताएँ कौन सी हैं? 3

(c) सप्रसंग व्याख्या कीजिये- 10/15

जब तैं कुंवर-कान्ह रावरी कला-निधान,
कान परी बाके कहूं सुजस कहानी सी,
तब ही तैं 'देव' देवता सी हंसति सी
खीझति सी, रीझति सी, रूसति रिसानी सी ।।
छोही सी, छली सी, छिनी लीन्ही सी, छकी सी छीन,
जकी सी, टकी सी, लागि थकी थहरानी सी,
बींधी सी, बंधी सी, विष बूड़ी सी, विमोहित सी,
बैठी वह बकत, बिलोकत बिकानी सी।।

3. (a) भूषण के काव्य में मुख्य रूप से किस रस की व्यंजना हुई है? 2/2

(b) आलम के काव्य की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। 3/3

(c) ''घनानन्द के काव्य में प्रेम की पीर का मार्मिक वर्णन हुआ है''। स्पष्ट कीजिए। 10/15

**अथवा**

(a) आलम द्वारा रचित रचनाओं के नाम लिखिए। 2/2

(b) घनानन्द की भाषा की प्रमुख विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। 3/3

(c) ''भूषण का काव्य राष्ट्रीय चेतना से ओत-प्रोत है।'' उक्त कथन की समीक्षा कीजिए। 10/15

4. (a) सेनापति के कृतित्व पर प्रकाश डालिए। 2/2

(b) पद्‌माकर के काव्य में प्रकृति-चित्रण का वर्णन कीजिए। 3/3

(c) ''सेनापति के काव्य में श्रृंगार और भक्ति का अद्‌भुत मिश्रण देखने को मिलता है।'' इस कथन की सम्यक् समीक्षा कीजिये। 10/15

**अथवा**

(a) 'जगद्विनोद' ग्रंथ के रचनाकार कौन हैं? इस ग्रंथ में किसका वर्णन किया गया है? 2/2

(b) पद्माकर के प्रकृति-वर्णन की प्रमुख विशेषताओं का विवेचन कीजिए। 3/3

(c) सेनापति के ऋतु वर्णन की विशेषताएँ क्या हैं? बताइए। 10/15